# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

## विज्ञापन सं. 3ए /2012-13

**(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारिबैं वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है ।)**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

**आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा । उस स्तर पर यदि यह पाया गया कि ऑन-लाइन आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पद के लिए पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो साक्षात्कार के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।**

**उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से केवल ऑन-लाइन आवेदन करें । आवेदन जमा करने के लिए कोई और तरीका उपलब्ध नहीं है ।**

**महत्वपूर्ण तारीखें :-**

| | |
|---|---|
| वेबसाइट लिंक खुला रहेगा – आवेदनों के ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए | 08.05.2013 से 07.06.2013 |
| शुल्क का भुगतान ऑन-लाइन | 08.05.2013 से 07.06.2013 |
| बैंक शाखाओं में शुल्क का भुगतान (ऑफ-लाइन) | 10.05.2013 से 11.06.2013 |

| क्र. सं. | पद | रिक्तियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित अर्थात/ सामान्य (सामा) | अनुसूचित जाति (अजा) | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव)# | कुल |
| 1 | आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) के लिए अनुसंधान अधिकारी ग्रेड 'बी' * | 05 | 02 | 01 | 02 | 10@ |
| 2 | सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि) के लिए अनुसंधान अधिकारी ग्रेड 'बी'* | 12 | – | – | 05 | 17 |
| 3 | राजभाषा अधिकारी ग्रेड 'ए' * | 03 | 01 | 01 | 01 | 06 |
| 4 | प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) ग्रेड 'बी' ** | 03 | – | – | – | 03 |
| 5 | प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल) ग्रेड 'बी' *** | 01 | – | – | – | 01 |

@ विकलांग श्रेणी के अंतर्गत 1 पद दृष्टिहीन विकलांग (दृवि) व्यक्तियों के लिए आरक्षित है ।

# अपिव वर्ग से संबंधित जो उम्मीदवार 'क्रीमी लेयर' में आते हैं वे अपिव आरक्षण के लिए हकदार नहीं हैं । उन्हें अपने वर्ग का उल्लेख 'सामान्य (सामा)' के रूप में करना चाहिए ।

* इन पदों की पहचान आवेदन करने के लिए पात्र विकलांग श्रेणी के अंतर्गत निम्नलिखित उपश्रेणी के पक्ष में आरक्षण किए जाने के लिए की गई है:

(i) अस्थिरूप से विकलांग (अवि) उम्मीदवार जिनका एक हाथ प्रभावित हो (ओए)/एक पैर प्रभावित हो (ओएल)/दोनों पैर प्रभावित हों परंतु हाथ प्रभावित न हों (बीएल) ।

(ii) बधिर उम्मीदवार जो आंशिक रूप से बधिर (पीडी)/बधिर हों ।

(iii) दृष्टिहीन विकलांग उम्मीदवार जो दृष्टिहीन/जिनकी दृष्टि कम हो ।

**इन पदों की पहचान आवेदन करने के लिए पात्र विकलांग श्रेणी के अंतर्गत निम्नलिखित उपश्रेणी के पक्ष में आरक्षण किए जाने के लिए की गई है:

(i) अस्थिरूप से विकलांग (अवि) उम्मीदवार जिनका एक हाथ प्रभावित हो (ओए)/एक पैर प्रभावित हो (ओएल)/दोनों पैर प्रभावित हों परंतु हाथ प्रभावित न हों (बीएल) ।

(ii) बधिर उम्मीदवार जो आंशिक रूप से बधिर (पीडी) हों ।

दृष्टिहीन विकलांग उम्मीदवार इस पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं अत: आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं ।

***इस पद की पहचान आवेदन करने के लिए पात्र विकलांग श्रेणी के अंतर्गत निम्नलिखित उपश्रेणी के पक्ष में आरक्षण किए जाने के लिए की गई है:

(i) अस्थिरूप से विकलांग (अवि) उम्मीदवार जिनका एक पैर प्रभावित हो (ओएल) ।

(ii) बधिर उम्मीदवार जो आंशिक रूप से बधिर (पीडी) हों ।

दृष्टिहीन विकलांग उम्मीदवार इस पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं अत: आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं ।

**टिप्पणी:**

(i) अधिसूचित की गई कुल रिक्तियों के अंतर्गत अक्षमता के तीनों वर्गों में से किसी भी वर्ग (जो संबंधित पदों के लिए पात्र हैं जैसे कि ऊपर ब्यौरा दिया गया है) से संबंधित विकलांग उम्मीदवारों पर उनकी उपयुक्तता के अधीन, विकलांग रिक्तियों का बैकलॉग खत्म करने के लिए इस विज्ञापन में विकलांगों के लिए अधिसूचित रिक्तियों के अतिरिक्त उनके चयन पर विचार किया जाएगा ।

(ii) विकलांग उम्मीदवार किसी भी वर्ग (अर्थात सामान्य/अजा/अजजा/अपिव) के हो सकते हैं । विकलांगों के लिए आरक्षण क्षैतिज है तथा पद के लिए समग्र रिक्तियों के अंतर्गत है ।

(iii) विकलांग व्यक्ति ऐसे व्यक्ति हैं जिनकी अक्षमता की डिग्री कम से कम चालीस प्रतिशत हो जो चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो । विकलांग उम्मीदवारों के पास भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का एक नवीनतम प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

(iv) जहां अजा/अजजा/अपिव वर्ग के लिए कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है, वे भी आवेदन कर सकते हैं । तथापि, अजा/अजजा उम्मीदवारों को छोड़कर जिन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है, वे किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे ।

### 1. आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) के लिए अनुसंधान अधिकारी 'ग्रेड बी':

**(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं:** अनुसंधान गतिविधियां संचालित करना तथा अन्य बातों के अलावा नीति निर्माण में सहभागिता ।

**(ख) पात्रता मानदंड**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-05-2013 को):**

**अनिवार्य:** (i) भारत अथवा विदेश के किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड सहित अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा (ii) भारत अथवा विदेश के किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में 55% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड सहित स्नातकोत्तर डिग्री सहित अर्थशास्त्र में डाक्टरेट डिग्री।

**टिप्पणी:** स्नातकोत्तर डिग्री परीक्षा अथवा समकक्ष मान्य अर्हता में सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 50 % अंक अथवा समकक्ष ग्रेड वाले अजा/अजजा/ विकलांग उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।

**अधिमान्य/वांछनीय अर्हता:** अर्थशास्त्र में अनुसंधान या अध्यापन का अनुभव और मानक पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशन एक अतिरिक्त योग्यता समझी जाएगी ।

कृपया नीचे मद सं.6 शैक्षिक अर्हताओं पर टिप्पणी भी देखें ।

**(II) आयु (दिनांक 01-05-2013 को) :** 21 और 30 वर्ष के बीच (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02/05/1983 के पहले और 01/05/1992 के बाद नहीं हुआ हो) । विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 9 देखें । इसके अतिरक्त

(i) भारत/विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विनिर्दिष्ट विषयों में एम.फिल तथा डाक्टरेट डिग्रीधारी उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में क्रमश: 1 और 3 वर्ष की छूट के लिए पात्र होंगे ।

(ii) भारत/विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में अनुसंधान/अध्यापन के अनुभव के साथ स्नातकोत्तर डिग्रीधारी उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में उक्त अनुभव के वर्षों की सीमा तक छूट के लिए पात्र होंगे । यह छूट अधिकतम 3 वर्ष की होगी । अनुभव के लिए परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा ।

(iii) सामान्य वर्ग के उम्मीदवार जिन्हें उपर्युक्त पैरा (i) तथा (ii) के अनुसार अर्हता/अनुभव प्राप्त है, के लिए आयुसीमा में अधिकतम 3 वर्ष की छूट लागू होगी । उम्मीदवारों के अजा, अजजा तथा अपिव वर्ग से संबंधित होने के मामले में आयुसीमा में अधिकतम छूट क्रमश: 5 वर्ष, 5 वर्ष तथा 3 वर्ष होगी।

**(ग) चयन योजना :**

चयन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । लिखित परीक्षा के लिए 3 प्रश्न-पत्र होंगे । लिखित परीक्षा जुलाई/अगस्त 2013 माह में आयोजित की जाएगी ।

| प्रश्न-पत्र | अवधि | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न पत्र - I वस्तुनिष्ठ स्वरूप का (अर्थशास्त्र पर) | 3 घंटे | 100 |
| प्रश्न पत्र - II वर्णनात्मक स्वरूप का (अर्थशास्त्र पर) | 3 घंटे | 100 |
| प्रश्न पत्र - III अंग्रेजी - वर्णनात्मक | 3 घंटे | 100 |
| कुल | | 300 |

(i) केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्न -पत्र II और प्रश्न-पत्र III का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्न पत्र I में पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों । (ii) लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जायेगा (अंग्रेजी के प्रश्न पत्र III को छोड़कर) । प्रश्न पत्र - I तथा प्रश्न पत्र - II के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं । प्रश्न पत्र - III के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही लिखे जाने होंगे । उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं । (iii) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी । (iv) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

**(घ) पाठ्यक्रम:** (i) प्रश्न पत्रों का स्तर भारत के किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा का होगा । (ii) अंग्रेजी के लिए पाठ्यक्रम: निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता तथा व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार ।

### 2. सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि) में अनुसंधान अधिकारी ग्रेड 'बी':

**(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं:** विभिन्न स्रोतों से आंकड़े एकत्र करना, उनका संकलन, विश्लेषण तथा व्याख्या करना, आधुनिक सांख्यिकीय/अर्थमिति प्रतिरूपों को शामिल करते हुए सांख्यिकीय विश्लेषण करना, आंकड़ों आदि का अनुभवन-सिद्ध परीक्षण करना, मुद्रा और बैंकिंग, मूल्यों, बचत और निवेश, राष्ट्रीय लेखों, सूचकांक इत्यादि के संबंध में विभिन्न प्रकार के आंकड़ों पर वैचारिक और सुव्यवस्थित अध्ययन करना, बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षणों की डिजाइनिंग एवं संचालन और प्रणाली - विश्लेषण सहित कंप्यूटर कार्यक्रम के विकास कार्य को हाथ में लेना तथा बैंक की कंप्यूटर प्रणाली पर उसका संसाधन (प्रोसेसिंग) करना ।

**(ख) पात्रता मानदंड**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-05-2013 को):**

**अनिवार्य:** (i) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड सहित सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/गणितीय अर्थशास्त्र/ अर्थमिति/सांख्यिकी एवं सूचना विज्ञान में आईआईटी-खड़गपुर/अनुप्रयुक्त सांख्यिकी एवं सूचना विज्ञान में आईआईटी-बाम्बे से स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा (ii) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंकों, या समकक्ष ग्रेड के साथ गणित में स्नातकोत्तर उपाधि और किसी प्रतिष्ठित संस्थान से सांख्यिकी या संबंधित विषयों में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा; अथवा (iii) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंडियन स्टैटिस्टिकल इन्स्टीटयूट से एम.स्टैट की डिग्री ।

**टिप्पणी:** विकलांग उम्मीदवारों के लिए मद सं. (i), (ii) तथा (iii) में उल्लिखित स्नातकोत्तर डिग्री में न्यूनतम अपेक्षित अंक सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से 50% अथवा समकक्ष ग्रेड है ।

**वांछनीय:** (i) उपर्युक्त से संबंधित विषयों में डाक्टरेट की उपाधि रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी । (ii) अनुसंधान या अध्यापन का अनुभव और मानक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन एक अतिरिक्त योग्यता समझी जाएगी ।

कृपया नीचे मद सं.6 शैक्षिक अर्हताओं पर टिप्पणी भी देखें ।

**(II) आयु (दिनांक 01-05-2013 को):** 21 और 30 वर्ष के बीच (उम्मीदवार का जन्म दिनांक 02/05/1983 से पहले तथा दिनांक 01/05/1992 के बाद नहीं हुआ हो) । विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 9 देखें । इसके अतिरक्त

(i) विनिर्दिष्ट विषयों में एम.फिल तथा पी.एच.डी अर्हता वाले उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में क्रमश: 1 और 3 वर्ष की छूट के लिए पात्र होंगे ।

(ii) भारत/विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में अनुसंधान/अध्यापन का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में उक्त अनुभव के वर्षों की सीमा तक छूट के लिए पात्र होंगे । यह छूट अधिकतम 3 वर्ष की होगी । अनुभव के लिए परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा ।

(iii) सामान्य, अजा तथा अजजा वर्ग (क्योंकि अजा/अजजा वर्ग के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है) के उम्मीदवार जिन्हें उपर्युक्त पैरा (i) तथा (ii) के अनुसार अर्हता तथा अनुभव प्राप्त है, के लिए आयुसीमा में अधिकतम 3 वर्ष की छूट लागू होगी । उम्मीदवारों के अपिव वर्ग से संबंधित होने के मामले में भी आयुसीमा में अधिकतम छूट 3 वर्ष होगी ।

**(ग) चयन योजना:**

चयन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । लिखित परीक्षा के लिए 3 प्रश्न पत्र होंगे । लिखित परीक्षा जुलाई/अगस्त 2013 माह में आयोजित की जाएगी ।

| प्रश्न-पत्र | अवधि | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न पत्र I वस्तुनिष्ठ स्वरूप (सांख्यिकी पर) | 3 घंटे | 100 |
| प्रश्न पत्र II वर्णनात्मक स्वरूप (सांख्यिकी पर) | 3 घंटे | 100 |
| प्रश्न पत्र III अंग्रेजी - वर्णनात्मक स्वरूप | 3 घंटे | 100 |
| कुल | | 300 |

(i) केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्न पत्र II और प्रश्न पत्र III का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्न पत्र I में पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों । (ii) लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जायेगा (अंग्रेजी के प्रश्न पत्र III को छोड़कर) । प्रश्न पत्र - I तथा प्रश्न पत्र - II के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं । प्रश्न पत्र - III के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही लिखे जाने होंगे । उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं । (iii) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी । (iv) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

**(घ) पाठ्यक्रम:** प्रश्न पत्रों का स्तर भारत के किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा का होगा ।

**प्रश्न पत्र I:** इस प्रश्न पत्र में संभाव्यता, संभाव्यता की परिभाषा, मानक वितरण, छोटा और बड़ा नमूना सिद्धान्त, भिन्नता विश्लेषण, अनुमान, परिकल्पना की जांच, मल्टी-वैरिएट विश्लेषण तथा स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस से संबंधित प्रश्न शामिल रहेंगे ।

**प्रश्न पत्र II :** (i) संभाव्यता तथा नमूना चयन (ii) रेखीय मॉडल तथा आर्थिक सांख्यिकी (iii) सांख्यिकी अनुमान: अनुमान, परिकल्पना की जांच तथा नॉन-पैरामिटरिक परीक्षण (iv) स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस (v) मल्टी-वैरिएट विश्लेषण तथा (vi) अंक विश्लेषण तथा मूलभूत कंप्यूटर तकनीक । उम्मीदवारों को इस बात का पर्याप्त विकल्प उपलब्ध रहेगा कि वे दिए गए 6 समूहों में से तीन या अधिक समूहों से अपेक्षित संख्या में प्रश्नों के उत्तर दें ।

**प्रश्न पत्र III - अंग्रेजी :** निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता तथा व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार ।

### 3 . राजभाषा अधिकारी ग्रेड 'ए':

**(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं :** (i) बैंक के विभिन्न संदर्भों, दस्तातवेज़ों, मैनुअलों और अन्य प्रकाशनों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद और इसके विपरीत तथा इनके मुद्रण की व्यवस्था करना । (ii) हिन्दी के प्रयोग के संबंध में सरकार के अनुदेशों का कार्यान्वयन तथा (iii) बैंक के स्टॉफ के लिए हिन्दी शिक्षण योजना की व्यवस्था ।

**(ख) पात्रता मानदंड:**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-05-2013 को) :**

**अनिवार्य:** (i) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी/हिन्दी अनुवाद में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा (ii) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा (iii) स्नातक स्तर पर विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री । (स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के बदले स्नातक स्तर के समकक्ष मान्यताप्राप्त हिन्दी अर्हता भी हो सकती है ); अथवा (iv) अंग्रेजी और हिन्दी/हिन्दी अनुवाद दोनों में स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें से एक द्वितीय श्रेणी की होनी चाहिए ।

**वांछनीय :** द्विभाषी शब्द संसाधन का ज्ञान ।

कृपया नीचे मद सं.6 शैक्षिक अर्हताओं पर टिप्पणी भी देखें ।

**(II) अनुभव (दिनांक 01-05-2013 को):**

**अनिवार्य:** किसी राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय साप्ताहिक/समाचार पत्र या किसी सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालय या किसी स्वायत्त निकाय/उपक्रम आदि में अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद तथा इसके विपरीत या शब्दावली निर्माण में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव ।

**वांछनीय:** (i) स्नातक स्तर पर संस्कृत/कोई अन्य आधुनिक भारतीय भाषा/भाषा विज्ञान का अध्ययन । (ii) साहित्यिक कार्य का प्रकाशन ।

**(III) आयु ( दिनांक 01-05-2013 को):** 30 वर्ष से अधिक नहीं । पीएच. डी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 वर्ष । विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 9 देखें ।

**(ग) चयन योजना:**

चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कांर के माध्यम से होगा । लिखित परीक्षा जुलाई/अगस्त 2013 माह में आयोजित की जाएगी । लिखित परीक्षा हिंदी से अंग्रेजी और इसके विपरीत अनुवाद करने के उम्मीदवार के सामर्थ्य तथा बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य और अन्य संबंधित विषयों पर बल देते हुए हिन्दी एवं अंग्रेजी शब्दावली के ज्ञान तथा स्वंय को हिन्दी और अंग्रेजी में व्यक्त करने की उम्मीदवार की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए 100 अंकों की 3 घंटे की अवधि के लिए होगी । साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्यो बोर्ड द्वारा तय की जाएगी । अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

### 4. प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) ग्रेड 'बी':

**(क) पात्रता मानदंड:**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं: (दिनांक 01-05-2013 को):**

**अनिवार्य:** सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष ।

**वांछनीय:** ढांचागत (स्ट्रक्चरल) डिजाइन, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग, सॉइल मैकेनिक्स तथा नींव (फाउन्डेशन) इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता।
कृपया नीचे मद सं.6 शैक्षिक अर्हताओं पर टिप्पणी भी देखें।

**(II) अनुभव (दिनांक 01-05-2013 को):**

**अनिवार्य:** स्नातक के बाद (सहायक इंजीनियर के समकक्ष स्वतंत्र उत्तरदायित्व की स्थिति में) अस्पताल/बैंक/वित्तीय संस्थान सहित सरकारी/प्राइवेट लिमिटेड संगठन में प्लानिंग/डिजाइनिंग/बड़ी कार्यालयी इमारतों/बहुमंजिला इमारतों/हाउसिंग कंपनियों/आवासीय कैंपस आधारित शिक्षा संस्थानों के निर्माण के साथ-साथ निविदा दस्तावेज तैयार करने तथा उनके मूल्यांकन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय:** (i) निर्माण परियोजनाओं का उनके सभी पहलुओं सहित निष्पादन का अनुभव तथा पर्ट/सीपीएम तकनीकों का ज्ञान। (ii) स्ट्रक्चरल डिजाइन तथा कैम/कैड में कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान/विशेष संदर्भों सहित निविदाओं का विश्लेषण तथा मूल्यांकन। (iii) इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सर्विसेज़ तथा इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण का कार्यसाधक ज्ञान। (iv) स्ट्रक्चरल पुनर्वास (रिहेबिलिटेशन) कार्य का कार्यसाधक ज्ञान। (v) प्रारूप बनाने की अच्छी क्षमता।

**(III) आयु (दिनांक 01-05-2013 को):** 35 वर्ष से अधिक नहीं (उम्मीदवार का जन्म 02/05/1978 से पहले का नहीं होना चाहिए)। विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 9 देखें।

**(ख) चयन योजना:**

चयन निम्नलिखित दो प्रश्न-पत्रों के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। लिखित परीक्षा जुलाई/अगस्त 2013 माह में आयोजित की जाएगी।

| प्रश्न-पत्र का प्रकार | अवधि | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न पत्र I - वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा** व्यावसायिक ज्ञान/कार्य ज्ञान की परीक्षा | **1 घंटा** | **100** |
| **प्रश्न पत्र II - वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा** प्रश्न-पत्र का स्तर बी.ई. डिग्री का होगा | **3 घंटे** | **100** |
| **कुल** | | **200** |

(i) केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्न-पत्र II का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र I में पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों। (ii) लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा। उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिन्दी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं। (iii) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। (iv) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा।

**5. प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल) ग्रेड 'बी':**

**(क) पात्रता मानदंड:**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01-05-2013 को):**

**अनिवार्य:** सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग अथवा इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई/बी.टेक डिग्री।

**वांछनीय:** पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोग्राम बनाने योग्य (प्रोग्रैमबल) लाजिक नियंत्रकों (कंट्रोलर्स), इलेक्ट्रॉनिक मापन, संचार सिद्धांत में इलेक्टिव/कोर्स पेपर।
कृपया नीचे मद सं. 6 शैक्षिक अर्हताओं पर टिप्पणी भी देखें।

**(II) अनुभव (दिनांक 01-05-2013 को):**

**अनिवार्य:** स्नातक के बाद (सहायक इंजीनियर के समकक्ष स्वतंत्र उत्तरदायित्व की स्थिति में) अस्पताल/बैंक/वित्तीय संस्थान/आवासीय कैंपस आधारित शिक्षा संस्थान सहित सरकारी/प्राइवेट लिमिटेड संगठन में प्लानिंग/डिजाइनिंग/आंतरिक तथा बाह्य इलेक्ट्रिकल संस्थापन कार्य के कार्यान्वयन, बड़े केंद्रीय वातानुकूलन संयंत्र, लिफ्ट, संचार प्रणालियों तथा बड़ी, बहुमंजिला इमारत परियोजनाओं में शामिल अन्य संबद्ध सेवाओं के साथ-साथ निविदा तैयार करने, उसकी संवीक्षा तथा मूल्यांकन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय:** (i) इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम जैसे सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अड्रेसेबल सुरक्षा अलार्म तथा आग अलार्म प्रणाली, ईपीएबीएक्स, यूपीएस प्रणाली आदि का कार्यसाधक ज्ञान। (ii) लिफ्टों, पंपों, वातानुकूलन संयत्रों आदि के अनुरक्षण का अनुभव। (iii) निर्माण परियोजनाओं का उनके सभी पहलुओं सहित निष्पादन का अनुभव तथा पर्ट/सीपीएम तकनीकों का ज्ञान। (iv) अंग्रेजी में अच्छे प्रारुप बनाने की क्षमता, कंप्यूटर पर माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल तथा पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन में कार्य करने की योग्यता।

**(III) आयु (दिनांक 01-05-2013 को):** 35 वर्ष से अधिक नहीं (उम्मीदवार का जन्म 02/05/1978 से पहले का नहीं होना चाहिए)। विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 9 देखें।

**(ख) चयन योजना:**

चयन निम्नलिखित दो प्रश्न-पत्रों के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। लिखित परीक्षा जुलाई/अगस्त 2013 माह में आयोजित की जाएगी।

| प्रश्न-पत्र का प्रकार | अवधि | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न पत्र I - वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा** व्यावसायिक ज्ञान/कार्य ज्ञान की परीक्षा | **1 घंटा** | **100** |
| **प्रश्न पत्र II - वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा** प्रश्न-पत्र का स्तर बी.ई. डिग्री का होगा | **3 घंटे** | **100** |
| **कुल** | | **200** |

(i) केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्न पत्र II का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्न पत्र I में पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों। (ii) लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा। उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिन्दी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं। (iii) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। (iv) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा।

**6. टिप्पणी: शैक्षिक अर्हताओं के लिए (उक्त सभी पदों के लिए):**

(i) कुछ विश्वविद्यालय/संस्थान श्रेणी अथवा अंकों के प्रतिशत नहीं अपितु समग्र ग्रेड प्वाइंट प्रदान करते हैं (उदाहरण के लिए सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि)। यदि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा समग्र ग्रेड प्वाइंटों को श्रेणी तथा/अथवा अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड बताया जाता है तो उसे स्वीकार किया जाएगा। तथापि यदि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा समग्र ग्रेड प्वाइंटों को श्रेणी तथा/अथवा अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड नहीं बताया जाता है तो उसकी गणना निम्नानुसार की जाएगी:

| समकक्ष सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई अथवा कोई और शब्दावली जो 10 प्वाइंट स्केल पर दी गई है | श्रेणी/डिवीजन | समग्र प्रतिशत अंक |
|---|---|---|
| 6.75 | I (प्रथम) | 60% |
| 6.25 | II (द्वितीय) | 55% |
| 5.75 | II (द्वितीय) | 50% |

(ii) समग्र ग्रेड प्वाइंट अथवा अंकों के प्रतिशत (जहां दिए गए हों) का अभिप्राय पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के होंगे।

(iii) जहां समग्र ग्रेड प्वाइंट (सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि) 10 के अलावा अन्य किसी संख्या में से दिए गए हों तो इनका 10 में से सामान्यीकरण उक्त टिप्पणी (i) के अनुसार किया जाएगा।

**7. आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) (उपर्युक्त सभी पदों के लिए):**

₹ 100/- (एक सौ रुपये केवल) + लागू बैंक प्रभार। अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान केवल इस विज्ञापन में निर्धारित तरीके (निम्नलिखित मद सं. 12) से ही किया जाना अपेक्षित है। एक बार शुल्क का भुगतान किए जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।

**8. परीक्षा केंद्र (उपर्युक्त सभी पदों के लिए):**

लिखित परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों (कोड संख्या कोष्ठक में दी गई है) पर आयोजित की जा सकती है:

| केन्द्र का नाम | कोड सं. | केन्द्र का नाम | कोड सं. |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | (11) | जम्मू | (21) |
| बेंगलोर | (12) | कानपुर | (22) |
| भोपाल | (13) | कोची | (23) |
| भुवनेश्वर | (14) | लखनऊ | (24) |
| कोलकाता | (15) | मुंबई | (25) |
| चंडीगढ़ | (16) | नागपुर | (26) |
| चेन्नै | (17) | नई दिल्ली | (27) |
| गुवाहाटी | (18) | पटना | (29) |
| हैदराबाद | (19) | पुणे | (30) |
| जयपुर | (20) | तिरूवनंतपुरम | (31) |

उम्मीदवार केवल एक ही केन्द्र का चयन कर सकता है जिसके नाम और कोड संख्यां का उल्लेख आवेदन में अवश्य किया जाए। लिखित परीक्षा के केन्द्र और तारीख को बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी केन्द्र पर लिखित परीक्षा रद्द किये जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केन्द्र आबंटित कर सकता है। लिखित परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा की तारीख, समय और स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी। उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र अपने पंजीकृत ई-मेल आईडी से डाउनलोड करें। **प्रवेश पत्र की हार्डकॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी।** उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के बिना लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। **परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**9. ऊपरी आयु सीमा में छूट:**

**ऊपरी आयु सीमा में छूट इस प्रकार है:**

(क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में तीन वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं।

(ख) निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष : i) अजा/अजजा उम्मीदवार यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं। ii) वर्तमान में रोजगार केंद्र में पंजीकृत बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी तथा न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी। iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों। iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

(ग) विकलांग उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष तथा विकलांग उम्मीदवार (अजा/अजजा) के लिए 15 वर्ष।

**टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी।**

**10. सेवा शर्तें/ कैरियर-संभावनाएं:**

**(i) वेतनमान:**

**(क) ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए:** ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए लागू ₹17,100-1000(11)-28100-द.रो.-1000(4)-32100-1100(1)-33200 के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन ₹17,100/- प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, मकान किराया भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे। वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग ₹37,631/- है।

**(ख) ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए:** ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू ₹21000-1000-30000-द.रो.-1000-32000-1100-36400 के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन ₹21,000/- प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, मकान किराया भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे। वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग ₹46,949/- है।

**टिप्पणी:** जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन वृद्धियां देने पर विचार कर सकता है। बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है। ऐसी जानकारी बायोडाटा फार्म के उचित कॉलम में दी जाए। अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या चार होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।

**(ii) अनुलाभ:**

पात्रता के अनुसार बैंक आवास, उपलब्ध हो तो, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा। ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम। इन पदों से भविष्य निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं।

मुंबई में आवास के बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए बैंक के लिए लागत के आधार पर अधिकारी ग्रेड 'ए' के पद से जुड़े स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग ₹8.81 लाख प्रतिवर्ष (लगभग) है।

मुंबई में आवास के बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए बैंक के लिए लागत के आधार पर अधिकारी ग्रेड 'बी' के पद से जुड़े स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग ₹12.43 लाख प्रतिवर्ष (लगभग) है।

(iii) पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों पर **'डिफाइन्ड कान्ट्रिब्यूशन न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस)'** लागू होगी।

(iv) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है। किंतु पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों में उपलब्ध है।

(v) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी। बैंक के विवेकानुसार परिवीक्षा की अवधि अधिकतम चार वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है।

(vi) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

(vii) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कही भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

**11. सामान्य नियम/अनुदेश:**

(i) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने का पात्र तथा इच्छुक है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं लागू हो) के साथ अलग ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवारों को केवल ऑन-लाइन तरीके से आवेदन करना होगा। ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उनके पास एक वैध ई-मेल आईडी (जो पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहना चाहिए), उनके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन किया गया प्रतिरूप (इमेज) हो जैसा निम्नलिखित मद सं. 14 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(ii) **ऑन-लाइन आवेदन करते समय उम्मीदवारों को किसी भी पते पर अपने आवेदन का प्रिन्ट या कोई प्रमाणपत्र या इनकी प्रतिलिपियां भेजने की जरूरत नहीं है** (ऑफ-लाइन आवेदन/आवेदन की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी)। ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही आपकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी गलत/झूठी है या बैंक के अनुसार उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।

(iii) किसी अन्य तरीके, जो विज्ञापन में निर्धारित न किया गया हो, से किया गया भुगतान तथा/अथवा बिना शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) के जमा किए गए आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(iv) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों। यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से अवश्य दें।

(v) उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद के पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं। बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा।

(vi) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

(vii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा। **'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के बिना किसी भी उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।** भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(viii) प्रवेश दिए गए **सभी उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र केवल ई-मेल द्वारा** उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर उपयुक्त समय पर परंतु लिखित परीक्षा की तारीख से काफी पहले **भेज दिया जाएगा। बोर्ड द्वारा प्रवेश पत्र की कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी। सभी उम्मीदवारों को अपने ई-मेल के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड/उसका प्रिंटआउट प्राप्त करना होगा** तथा परीक्षा (परीक्षाओं) के दिन यह प्रवेश पत्र (हार्डकॉपी) तथा अपनी हाल हीकी खिंची हुई पासपोर्ट आकार की फोटो (मूल रूप में), जिसे बोर्ड को आवेदन करने समय आवेदन फार्म में अपलोड किया गया है, लाना होगा। **किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश पत्र के बिना लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।**

(ix) **लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सूची तथा समय-सारणी (अर्थात लिखित परीक्षा की तारीख तथा समय) भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उचित समय पर प्रदर्शित की जाएगी।** यदि उम्मीदवार को बोर्ड से उनके मेल के माध्यम से लिखित परीक्षा के लिए अपना प्रवेश पत्र/कोई अन्य सूचना नहीं मिलती, तो उसे आवश्यक मार्गदर्शन के लिए परीक्षा की तारीख से चार दिन पहले से किसी भी दिन पासपोर्ट आकार के हस्ताक्षरित फोटो-सहित कार्यालय समय के दौरान आवेदन में दिए गए परीक्षा केंद्र पर भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए। उपर्युक्त अनुदेशों का पालन न करने पर उम्मीद़वार को इस बात का कोई हक प्राप्त नहीं होगा कि उसके मामले पर कोई विचार किया जाए।

(x) बोर्ड के साथ पत्राचार, यदि कोई, करते समय प्रवेश-पत्र में दिया गया **रोलनंबर** अवश्य लिखें।

(xi) लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा। तथापि साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को उनके आवास स्थान/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी (गैर वातानुकूलित) (नॉन-एसी)/II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(xii) भारतीय रिज़र्व बैंक के कर्मचारी (स्टाफ उम्मीदवार) जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं तथा जो अंतिम तारीख से पहले ऑन-लाइन आवेदन करते हैं, भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

(xiii) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है। तथापि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर इंटरएक्टिव मोड पर उपलब्ध हो सकते हैं।

(xiv) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।

(xv) पात्रता, परीक्षा के संचालन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(xvi) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेज़र, लैपटॉप, आई-पैड या अन्य कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन अनुदेशों का उल्लंघन किया जाता है तो उम्मीदवार को इस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराए जाने के साथ-साथ भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी प्रतिबंधित किया जाएगा।

(xvii) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

**12. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवारों को 08.05.2013 से 07.06.2013 तक बैंक की वेबसाइट अर्थात **www.rbi.org.in** के माध्यम से **केवल ऑन-लाइन**

आवेदन करना होगा । ऑन–लाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं । **उम्मीदवारों को ऑन–लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) बोर्ड कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है ।**

**ऑन–लाइन आवेदन करने के लिए पूर्वापेक्षा:**

ऑन–लाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों को निम्नलिखित तैयारी करनी चाहिए–

(i) इस विज्ञापन की मद 14 में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर को स्कैन करने के लिए दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर स्कैन करें ।

(ii) यदि अपेक्षित आवेदन शुल्क का भुगतान **ऑन–लाइन** किया जाना वांछनीय है तो आवश्यक ब्यौरे/दस्तावेज तैयार रखें **(ऑफ–लाइन भुगतान अर्थात सीबीएस** के मामले में उम्मीदवारों को ऑन–लाइन आवेदन कर शुल्क भुगतान चलान प्राप्त करना होगा तथा इसके बाद आवश्यक आवेदन शुल्क का प्रेषण करना होगा) ।

(iii) उम्मीदवार के पास एक वैध ई–मेल आईडी होनी चाहिए जिसे अंतिम परिणाम की घोषणा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए । यह प्रवेश पत्र/साक्षात्कार की सूचना आदि ई–मेल से प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है । भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक ई–मेल आईडी में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**आवेदन शुल्क, दोनों तारीखों को मिलाकर दिनांक 08.05.2013 से 07.06.2013 (ऑन–लाइन भुगतान) तथा दिनांक 10.05.2013 से 11.06.2013 (ऑफ–लाइन भुगतान) तक देय हैं ।**

– अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क नहीं है ।

– अन्य सभी के लिए ₹100/– ।

**आवेदन शुल्क के ऑफ–लाइन/ऑन–लाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन प्रभारों का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा ।**

**ऑन–लाइन आवेदन करने की प्रक्रिया**

(i) पहले उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि ऑन–लाइन आवेदन करने के लिए वे बैंक की वेबसाइट **www.rbi.org.in** पर जाएं ।

(ii) उम्मीदवारों को अपने आधारभूत ब्यौरे भरने होंगे तथा इस विज्ञापन की मद 14 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार ऑन–लाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे ।

**भुगतान का तरीका**

उम्मीदवारों के पास विकल्प है कि वे अपेक्षित शुल्क का भुगतान ऑन–लाइन अथवा ऑफ–लाइन तरीके से करें :

**विकल्प–I:** शुल्क का भुगतान (ऑफ–लाइन भुगतान):

(I) उम्मीदवार ऑन–लाइन आवेदन में उपयुक्त स्थानों पर सभी ब्यौरे ध्यानपूर्वक भरें तथा ऑन–लाइन आवेदन के अंत में "SUBMIT" बटन पर क्लिक करें । "SUBMIT" बटन दबाने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भरे गए प्रत्येक फील्ड का सत्यापन कर लें । सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण/प्राप्ति संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा । उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें । अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई–मेल तथा एसएमएस भी भेजा जाएगा ।

(II) यदि उम्मीदवार एक ही बार में डेटा न भर पाए तो वे पहले से भरे हुए डेटा को सेव कर सकते हैं । जब डेटा सेव किया जाता है तब सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा । उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें । पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई–मेल तथा एसएमएस भेजा जाएगा । उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड का उपयोग करके सेव किया गया डेटा पुन: खोल सकते हैं तथा यदि आवश्यक हो तो ब्यौरे संपादित कर सकते हैं । इस सुविधा का प्रयोग केवल तीन बार किया जा सकता है । आवेदन के पूरी तरह भर जाने के बाद उम्मीदवार डेटा सबमिट करें । उम्मीदवार सिस्टम द्वारा तैयार किए गए शुल्क भुगतान चलान का प्रिंटआउट तुरंत प्राप्त करें । इसके बाद कोई परिवर्तन/संपादन करने की अनुमति नहीं होगी । इस चरण में पंजीकरण अनंतिम है ।

(III) शुल्क भुगतान पंजीकरण के बाद दूसरे कार्यदिवस से स्वीकार किया जाएगा तथा यह तीन कार्यदिवसों के भीतर किसी भी बैंक अर्थात बैंक ऑफ बड़ौदा/ बैंक ऑफ इंडिया/ बैंक ऑफ महाराष्ट्र/इंडियन ओवरसीज बैंक/सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया/ पंजाब नेशनल बैंक/ यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में किया जा सकेगा। शुल्क जमा करने के लिए सिस्टम द्वारा तैयार भुगतान चलान का प्रयोग किया जाए (उदाहरण के लिए यदि किसी ने अपना पंजीकरण **16.05.2013** को किया है तो वह शुल्क **18 से 21 मई 2013** तक जमा कर सकता/सकती है, इसमें 19 मई को कार्यदिवस नहीं माना गया है)। तथापि अंतिम दिन (अर्थात 07 जून 2013) को पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवार केवल 10 तथा 11 जून 2013 को शुल्क जमा करा सकते हैं (9 जून 2013 कार्यदिवस न होने के कारण)। शुल्क का भुगतान हो जाने के बाद पंजीकरण की प्रकिया पूरी हो जाएगी।

(IV) शुल्क का भुगतान हो जाने की तारीख से दो कार्यदिवसों के बाद उम्मीदवार को SMS/ई–मेल से पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त हो जाएगी। ध्यान रहे कि आप सही मोबाइल नंबर/ ई–मेल पता दें, ताकि पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त कर सकें ।

**टिप्पणी–** शुल्क का भुगतान करने की तारीख से तीन दिन के बाद प्रस्तुत आवेदन का पुन: प्रिन्ट लेने का प्रावधान भी है, जिसमें शुल्क का विवरण भी रहेगा।

**विकल्प–II:** शुल्क का भुगतान: (ऑन–लाइन भुगतान):

(I) उम्मीदवार ऑन–लाइन आवेदन में उपयुक्त स्थानों पर सभी ब्यौरे ध्यानपूर्वक भरें तथा ऑन–लाइन आवेदन फार्मेट के अंत में "SUBMIT" बटन पर क्लिक करें । "SUBMIT" बटन दबाने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भरे गए प्रत्येक फील्ड का सत्यापन कर लें ।

(II) यदि उम्मीदवार एक ही बार में डेटा न भर पाए तो वे पहले से भरे हुए डेटा को सेव कर सकते हैं । जब डेटा सेव किया जाता है तब सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा । उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें । पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई–मेल तथा एसएमएस भेजा जाएगा । उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड का उपयोग करके सेव किया गया डेटा पुन: खोल सकते हैं तथा यदि आवश्यक हो तो ब्यौरे संपादित कर सकते हैं । इस सुविधा का प्रयोग केवल तीन बार किया जा सकता है । आवेदन के पूरी तरह भर जाने के बाद उम्मीदवार डेटा सबमिट करें । इसके बाद कोई परिवर्तन/संपादन करने की अनुमति नहीं होगी ।

(III) आवेदन फार्म में दिए गए सभी ब्यौरों की परिशुद्धता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे स्क्रीन पर उपलब्ध अनुदेशों का पालन करते हुए आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करें । इसके बाद किसी परिवर्तन/संपादन की अनुमति नहीं होगी ।

(IV) स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी प्रदान करके भुगतान मास्टर/वीजा डेबिट/क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग द्वारा भी किया जा सकता है । ऑन–लाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभारों का वहन उम्मीदवारों द्वारा किया जाएगा ।

(V) लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ही ई–रसीद और आवेदन फार्म तैयार होगा; उम्मीदवार अपने रिकार्ड के लिए इसका प्रिन्ट ले सकते हैं।

(VI) यदि ऑन–लाइन लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा नहीं हुआ है तो उम्मीदवार फिर से पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार फिर से ऑन–लाइन आवेदन लिंक पर जाएं, अपने आवेदन के ब्यौरे फिर से भरें और ऑन–लाइन भुगतान करें ।

(VII) असफल लेनदेन (भुगतान कार्य) के लिए डेबिट की गई शुल्क राशि को उम्मीदवार के खाते में यथासमय लौटाया जाएगा ।

**टिप्पणी:** ई–रसीद और शुल्क भुगतान के ब्यौरे सहित आवेदन फार्म को बाद में पुन:प्रिन्ट करने का प्रावधान भी है।

**महत्त्वपूर्ण:** ऑन–लाइन आवेदन जमा करने तथा/अथवा शुल्क के भुगतान में कोई कठिनाई होने पर उम्मीदवार हैल्पलाइन नं. 022–29687111 पर संपर्क कर सकते हैं ।

## 13. अंतिम तारीख:

| | |
|---|---|
| **ऑन–लाइन आवेदन की शुरुआत** | **08 मई 2013** |
| **शुल्क का भुगतान–ऑन–लाइन** | **07.06.2013** |
| **शुल्क का भुगतान–ऑफ–लाइन** | **11.06.2013** |
| **ऑन–लाइन आवेदन का बंद होना** | **07.06.2013** |

**टिप्पणी :** (i) **तथापि** अंतिम दिन (अर्थात 07 जून 2013) को पंजीकरण कराने वाले उम्मीदवार केवल 10 तथा 11 जून 2013 को शुल्क जमा करा सकते हैं **(9 जून 2013 कार्यदिवस न होने के कारण) ।**

(ii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यह उनके हित में है कि वे अंतिम तारीख से काफी समय पहले ऑन–लाइन आवेदन करें तथा शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तारीख की प्रतीक्षा न करें ताकि वे इंटरनेट पर भारी दबाव अथवा वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग ऑन न कर सकने/असफल होने से बच सकें ।

(iii) अंतिम दिन उक्त कारणों अथवा अन्य किसी कारण से उम्मीदवार के आवेदन जमा करने में असमर्थ होने के लिए बोर्ड कोई दायित्व नहीं लेता ।

## 14. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिशानिर्देश:

ऑन–लाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उसके पास, नीचे दिए गए विशेष विवरण के अनुसार, उसके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन (डिजिटल) किया गया प्रतिरूप (इमेज) हो ।

**(i) फोटोग्राफ इमेज :**

- आपका फोटोग्राफ नवीनतम और पासपोर्ट स्टाइल का कलर फोटो होना चाहिए ।
- फोटो कलर में होना चाहिए और बैकग्राउंड हलके रंग में होनी चाहिए, बैकग्राउंड सफेद हो तो बेहतर रहेगा ।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें ।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो इस प्रकार फोटो खींचे कि सूर्य आपके पीछे की ओर हो अथवा खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने ।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि कोई परावर्तन न हो तथा चश्मे के लेन्स से आपकी आंखें साफ दिखाई दें ।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सिर पर पहने जाने वाले धार्मिक वस्त्रों की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए ।
- रिजोल्यूशन 200 x 230 पिक्सेल (बेहतर होगा)
- फाइल का आकार 20KB - 50KB के बीच रहे ।
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। यदि फाइल का आकार 50KB से अधिक बन रहा हो तो स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें ।

**(ii) हस्ताक्षर की इमेज:**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें ।
- उम्मीदवार स्वयं ही हस्ताक्षर करें, कोई दूसरा हस्ताक्षर नहीं करे ।
- यही हस्ताक्षर प्रवेश पत्र पर और जहां भी जरूरी हुआ वहां प्रयोग किया जा सकता है ।
- रिजोल्यूशन 140 x 60 पिक्सेल (बेहतर) ।
- फाइल का आकर 10KB - 20KB के बीच रहे ।
- सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की गई इमेज फाइल का आकार 20KB से अधिक नहीं हो।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग :**

- स्कैनर को न्यूनतम 200 dpi (dots per inch) के रिजोल्यूजशन पर रखें।
- कलर को True Color पर रखें।
- फाइल का आकार ऊपर बताए अनुसार रखें।
- स्कैनर पर फोटो/हस्ताक्षर की इमेज पर एकदम किनारे तक crop करें, फिर अपलोड एडिटर में crop का प्रयोग कर इमेज को (ऊपर बताए अनुसार) अंतिम आकार दें ।
- इमेज फाइल को JPG या JPEG फॉर्मेट में तैयार करें । उदाहरण के लिए फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। इमेज के आयाम को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस ले जाकर देख सकते हैं।

MS Windows / MS Office का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार MS Paint या MS Office Picture Manager का प्रयोग कर फोटो और हस्ताक्षर को आसानी से क्रमश: 50KB और 20KB के .jpeg फार्मेट में तैयार कर सकते हैं। फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन करके बनी हुई किसी भी फार्मेट की फाइल को File menu में "Save As" विकल्प का प्रयोग करके आसानी से .jpg फार्मेट में सेव किया जा सकता है तथा Image मेनू में crop तथा resize विकल्प [ पिक्सेल आकार के लिए कृपया ऊपर दिए हुए (i) और (ii) देखें ] का प्रयोग करके फाइल आकार 50KB (फोटोग्राफ) तथा 20KB (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है । अन्य फोटो एडिटरों में भी ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं ।

यदि फाइल का आकार और फार्मेट ऊपर बताए अनुसार नहीं हुआ तो error message दिखाई देगा । ऑन–लाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार पेज 1 पर अपने विवरण भरें, यह जांच लेने के बाद कि भरे गए सभी विवरण सही हैं तो "Submit/ Next" बटन पर क्लिक करने के बाद ऑन–लाइन आवेदन फार्म के पेज 2 पर एक लिंक दिखाई देगा जिसके अनुसार अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने का तरीका**

(i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग–अलग लिंक रहेंगे।

(ii) संबंधित लिंक अर्थात Upload Photograph / Signature पर क्लिक करें।

(iii) उस लोकेशन को Browse और Select करें जहां आपने स्कैन किए हुए फोटो/हस्ताक्षर की फाइल सेव की है।

(iv) फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।

(v) "Upload" बटन पर क्लिक करें।

यदि आप अपना फोटो और हस्ताक्षर ऊपर बताए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑन–लाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

**टिप्पणी:**

(क) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

(ख) यदि फोटो या हस्ताक्षर अस्पष्ट हों तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित करें और अपने फोटो या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड करें।

(ग) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण के बाद सिस्टम से तैयार किए गए ऑन–लाइन आवदेन फार्म का प्रिन्टआउट निकाल लें **परंतु यह प्रिन्टआउट बोर्ड को न भेजें ।**

(घ) कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र की **हार्डकॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी । प्रवेश पत्र ई–मेल द्वारा** प्रवेश दिए गए सभी उम्मीदवारों के पंजीकृत ई–मेल आईडी पर **भेजे जाएंगे । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इसका प्रिन्टआउट निकाल लें तथा इसे [ हाल ही के पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ (मूल रूप में) जिसे उन्होंने बोर्ड को ऑन–लाइन आवेदन करते समय अपलोड किया है] परीक्षा(परीक्षाओं) के दिन अवश्य लांए, जिसके बिना किसी भी उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा ।**

(ड) ऑन–लाइन आवेदन जमा करने तथा/अथवा शुल्क के भुगतान में कोई कठिनाई होने पर उम्मीदवार हैल्पलाइन नं. 022–29687111 पर संपर्क कर सकते हैं ।